दक्षिण कोरिया

drishtiias.com/hindi/printpdf/south-korea-5

प्रीलिम्स के लिये:

दक्षिण कोरिया की भौगोलिक स्थिति, विश्व व्यापार संगठन

मेन्स के लिये:

विश्व व्यापार संगठन से संबंधित मुद्दे, भारत-दक्षिण कोरिया द्विपक्षीय समूह

चर्चा में क्यों?

हाल ही में दक्षिण कोरिया, विश्व व्यापार संगठन (World Trade Organisation- WTO) के विकासशील से निकलकर विकसित देश की श्रेणी में आ गया है।

महत्वपूर्ण बिंदु

जुलाई 2019 के अंत में संयुक्त राज्य अमेरिकी के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने WTO के विकासशील देशों से संबंधित मानकों पर प्रश्नचिह्न उठाया था। इसी समय डोनाल्ड ट्रंप ने दक्षिण कोरिया के विकासशील देशों की श्रेणी में होने पर भी प्रश्नचिह्न उठाया था।

दक्षिण कोरिया:

- दक्षिण कोरिया एशिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है जिसने स्वयं को अपने संवेदनशील कृषि क्षेत्र की सुरक्षा के लिये वर्ष 1995 से ही विकासशील देश की श्रेणी में बनाए हुए रखा था।
- दक्षिण कोरिया ने इस बात की संभावना व्यक्त की है कि उसका विकासशील देश का दर्जा हटने से उसकी WTO के स्तर पर प्रासंगिकता कमज़ोर हो सकती है।
- दक्षिण कोरिया ने वर्तमान में चावल के आयात पर 500%से अधिक का सीमा शुल्क लगा रहा है।
- दक्षिण कोरिया के द्वारा विकसित देश की श्रेणी में जाने से उसकी आधी कृषि सब्सिडी में कटौती की जाएगी जिसका विरोध वहाँ के किसान कर रहे हैं।

भारत के दक्षिण कोरिया से संबंध:

- भारत और दक्षिण कोरिया के संबंध ऐतिहासिक काल से ही मज़बूत रहें हैं।
- बौद्ध धर्म की उत्पत्ति भारत में हुई लेकिन इसका प्रसार चीन, जापान और कोरिया तक हुआ, इस प्रकार के सांस्कृतिक संबंध दोनों देशों को एक-दूसरे को करीब लाते हैं।
- दक्षिण कोरिया, अफगानिस्तान में भारत के साथ त्रिपक्षीय आधार पर एक परियोजना का निर्माण कर रहा है, साथ ही वह सदैव भारत की अफगानिस्तान नीति का समर्थन करता है।
- भारत और दक्षिण कोरिया के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (Comprehensive Economic Partnership Agreement) है। व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता महत्त्वपूर्ण धातुओं और उससे बनी वस्तुओं के नि:शुल्क आयात की अनुमति देता है।
- भारत जहाँ एक ओर अपनी लुक ईस्ट पॉलिसी (Look East Policy) के माध्यम से अपने संबंधों को बढ़ावा दे रहा है, वहीं दक्षिण कोरिया नई दक्षिणी रणनीति (New Sauthern Policy) के माध्यम से भारत के साथ बेहतर संबंध स्थापित कर रहे हैं।

विश्व व्यापार संगठन

(World Trade Organisation- WTO)

- विश्व व्यापार संगठन, विश्व में व्यापार संबंधी अवरोधों को दूर कर वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देने वाला एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसकी स्थापना वर्ष 1995 में मराकेश संधि के तहत की गई थी।
- इसका मुख्यालय जिनेवा में है। वर्तमान में विश्व के 164 देश इसके सदस्य हैं।
- 29 जुलाई, 2016 को अफगानिस्तान इसका 164वाँ सदस्य बना था।
- सदस्य देशों का मंत्रिस्तरीय सम्मेलन इसके निर्णयों के लिये सर्वोच्च निकाय है, जिसकी बैठक प्रत्येक दो वर्षों में आयोजित की जाती है।

स्रोत: द हिंदू